**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.01.2025** **1800 बजे**

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कुल्लू ज़िले में बंजार घाटी के अग्निकांड प्रभावित तांदी गांव का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मिलकर राहत कार्यों का जायज़ा लिया। उन्होंने अग्निकांड से बेघर होकर किराए के मकान में रहने वाले लोगों को मकान न बनने तक 5 हज़ार रूपये प्रतिमाह की दर से किराया देने और पशुशालाएं बनाने के लिए 50 हज़ार रूपये देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के घर पूरी तरह जल चुके हैं, उन्हें मकान निर्माण के लिए 7 लाख रूपये, मुफ्त बिजली व पानी के कनेक्शन, ईमारती लकड़ी और बर्तन–कपड़े सहित अन्य सामान देने का ऐलान भी किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि गांव में पक्की सड़क बनाने के लिए 75 लाख रूपये और सड़क की मुरम्मत के लिए एक करोड़ रूपये दिए जाएंगे। इसके अलावा बंजार में अग्निशमन केंद्र खोला जाएगा और मुख्यमंत्री ने कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने का भी आश्वासन दिया।

## महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 आज से शुरू हो गया है। लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाई। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के साथ होगा। एक सौ 44 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है।

## वेटर्नस डे

नौवें सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आज शिमला के सेना प्रशिक्षण कमान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सेना अधिकारी और पूर्व सैन्य अधिकारी व सैनिक मौजूद रहे। ये दिन भारतीय सशस्त्र सेनाओं के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल के.एम.करिअप्पा की याद में मनाया जाता है, जो आज ही के दिन वर्ष 1953 में सेवानिवृत हुए थे। आरट्रैक के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट

जनरल देवेंद्र शर्मा ने 4 पूर्व सैन्य अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। पूर्व सैनिक मनीष कुमार और अमरचंद ने सम्मान मिलने पर खुशी जताई।

## शोक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रसिद्ध संगीतकार प्रो. नंद लाल गर्ग के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। वे 92 वर्ष के थे। प्रोफैसर गर्ग ने आई.जी.एम.सी. शिमला में अंतिम सांस ली। वे शिमला जिले के धामी के मूल निवासी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रो. नंद लाल गर्ग का पूरा जीवन कला व संगीत की सेवा में समर्पित रहा और उन्होंने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में संगीत विभाग में प्रोफेसर के रूप में वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना रहा। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि 15 जनवरी की शाम से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके चलते ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

## नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं और अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इस संबंध में तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं और प्रदेश में अराजकता जैसी कोई बात नहीं है।